लीलावती हॉस्पिटल को मिली 'गोल्ड सील ऑफ अप्रूवल' मान्यता

भास्कर न्यूज़ | मुंबई. लीलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एलएचआरसी) को प्रतिष्ठित ज्वायंट कमिशन इंटरनेशनल (जेसीआई) की 'गोल्ड सील ऑफ अप्रूवल' मान्यता मिली है। यह मान्यता मरीजों की सुरक्षा, उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और संस्थागत प्रबंधन के लिए दुनिया भर में माना जाने वाला सर्वोच्च मानक है। 8 से 12 दिसंबर 2025 के बीच तीन अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षकों द्वारा किए गए कड़े मूल्यांकन के बाद यह सफलता मिली है। एलएचआरसी के ट्रस्टी राजीव मेहता ने कहा कि जेसीआई मान्यता अस्पताल की मरीज-केंद्रित देखभाल, क्लीनिकल उत्कृष्टता, निरंतर गुणवत्ता सुधार और स्टाफ के सशक्तिकरण के प्रति समर्पण को प्रमाणित करती है।